बायो फ्यूल से जल्द दौड़ेंगे वाहन

प्रदूषणमुक्त होगा प्रदेश

उदयपुर। डीजल के बढ़ते दामों से चिंतित आम आदमी के लिए केन्द्र व राज्य सरकार ने रतनजोत से बायो फ्यूल का जो विकल्प निकाला, वह सच होने जा रहा है। अगले 2-3 वर्षों के बाद बायो फ्यूल पंप पर बिकता दिखाई देगा। इससे संचालित वाहन पूर्ण रूप से प्रदूषण मुक्त होंगे और गाड़ी तेज गति से दौड़ेगी।

बायो फ्यूल की बिक्री के लिए दो माह पहले सरकार ने नीति बनाई। बायो फ्यूल की कोई भी बिक्री कर सकेगा। वर्तमान में आरएसएमएम के डंपर व कई सरकारी गाड़ियां इससे चलाई जा रही है। ग्रामीण विकास विभाग के विशेषाधिकारी आर.के. शर्मा ने बताया कि रतनजोत के एक पौधे की कीमत 3-5 रुपए आती है। प्रोसेसिंग यूनिट, बीज निकालना आदि खर्चों के बाद इसकी एक लीटर की कीमत लगभग 46 रुपए आ रही है, जबकि डीजल 56 रुपए की है। इसमें एक पौधा तीन साल बाद फल देना शुरू कर देता है। एक पौधे से लगभग 2-4 किलोग्राम बीज मिलते हैं। एक हैक्टेयर में 2500 पौधे लगाए जाते हैं, जिनसे पांच हजार किलो ग्राम बीज मिलते है। इनकी खरीद दर 12 रुपए प्रति किलो ग्राम निर्धारित की गई है।